# ''बिपरजॉय'' तूफान के ''रेड अलर्ट'' के बाद प्रशासन सतर्क हुआ

**सुजानगढ़,** (निसं)। विपरजॉय तूफान के रेड अलर्ट के बाद गुरूवार को प्रशासन अलर्ट मोड पर नजर आया। पंचायत समिति सभागार में चूरू कलक्टर निर्देशों पर एडीएम भागीरथ साख ने उपखण्ड के सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें संभावित तूफान को देखते हुए सभी तैयारियां रखते हुए सतर्क रहने को कहा गया।

उपखण्ड अधिकारी मूलचंद लूणिया ने नगरपरिषद, पंचायत समिति के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कन्ट्रोल रूम स्थापित किये। आयुक्त कमलेश मीणा ने कहा कि जलभराव को लेकर पंप सेट, रस्सी, दमकल सहित आपदा से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक चौंबद कर ली गयी है। इस दौरान तहसीलदार प्रवीण कुमार, बीडीओ शिवशंकर शर्मा, पीएमओ डॉ.सुरेश कलानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

तूफान के बीच जागरुक रहें, अपनाएं ये उपाय:- तूफान के बीच प्रशासन अलर्ट पर है, सभी बंदोबस्त किए जा रहे हैं, लेकिन आमजन भी जागरुकता बरत कर जान माल की सुरक्षा कर सकता है। तेज हवाओं, अंधड, मेघ गर्जना, बिजली चमकने और बारिश के दौरान घरों में ही रहें।कहीं रास्ते में हैं तो बचने के लिए पेडों, कच्ची दीवारों, टीन शेड आदि का सहारा ना लें। कार में ना बैठे रहें। घर में कांच के दरवाजे हैं तो उन्हें मजबूती से बंद रखें और उनके पास ना रहें। बिजली के उपकरणों को बंद रखें। पशुओं को पेड से ना बांधे। बिजली के खंभे और ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन से भी उन्हें दूर रखें। यदि अंधड आता है और सुरक्षित जगह पर नहीं है तो मैदान में लेट जाएं। किसी भी आपदा की स्थिति में प्रशासन के हेल्प लाइन नंबर पर संपर्क करें।



पंचायत समिति सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते एडीएम भागीरथ साख।

## अधिकारियों की बुलाई आपात बैठक

**रतनगढ़,** (निसं)।16 से 18 जून तक बिफर जॉय चक्रवर्ती तूफान की सम्भावनाओ को लेकर गुरुवार को एसडीएम अभिलाषा चौधरी ने एसडीएम ऑफिस में आपात बैठक बुलाई, बैठक में पुलिस, चिकित्सा ,विधुत विभाग, नगरपालिका, पंचायत समिति सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये की तूफान से पहले सभी विभाग आवश्यक व्यवस्था बनाकर रखे ओर तूफान के दौरान अभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहे कोई भी अधिकारी मुख्यालय नही छोडे, ओर अपना फोन भी चालू रखे, ताकि अगर तूफान आता तो कोई समस्या का तुरंत निस्तारण किया जा सके।

इसके आलावा एसडीएम ने क्षैत्र की जनता से आव्हान किया है कि तूफान के दौरान बिजली के खम्बे व पेड़ से दूर रहे, किसी के टीनशेड के मकान है तो उनके दरवाजे बंद रखे और तूफान के दौरान घर के बिजली उपकरण बन्द रखे। बैठक में डिप्टी एसपी सुरेश शर्मा, बीसीएमओ डॉ मनीष तिवाडी, नगरपालिका ईऔ भरतकुमार हरितवाल, राजलदेसर नायब तहसीदार असलम खान सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## आज होगी राशि हस्तांतरित

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान किसान महोत्सव के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय लंपी स्किन डिजीज आर्थिक सहायता वितरण कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा पशुपालकों के खातों में डीबीटी के द्वारा

■ **जिले के 1455 पशुपालकों के दिए जाएंगे 6 करोड़ रुपए**

राशि स्थानांतरित की जाएगी। जिले के सूचना केंद्र सभागार में सुबह 11 बजे वर्चुअल रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री गहलोत जिले के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। गौरतलब है कि पिछले वर्ष लंपी रोग से हुई दुधारू गौवंशीय पशुओं की मृत्यु से पशुपालकों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए 40 हजार रुपए प्रति पशु आर्थिक सहायता देने की घोषणा बजट में की गई थी। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रामेश्वरसिंह ने बताया कि जिले के 1455 पशुपालकों के खाते में 1492 मृत पशुओं की राशि डीबीटी के तहत हस्तान्तरित की जाएगी। जिसमें जिले के पशुपालकों को लगभग 6 करोड रुपए की राशि मिलेगी।

## चक्रवात बिपरजॉय को लेकर बैठक

**सादुलपुर,** (निसं)। सांखू फोर्ट के हमीरवास थानाधिकारी राधेश्याम के निर्देशानुसार सांखू पुलिस चौकी में गुरुवार शाम को चौकी प्रभारी एएसआई गोरू राम प्रजापत की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चौकी प्रभारी ने अरब सागर में उठे चक्रवात बिपरजॉय के संबंध में अलर्ट रहने के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने अगले दो दिन महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग आदि से विशेष रूप से घरों में रहने की अपील करते हुए पानी भरने की जगह आदि के संबंध में चिन्हित कर ध्यान रखने को कहा। तूफान के संबंध में किसी लिंक पर क्लिक न करे के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर शिवरतन दीक्षित, गौशाला सचिव भंवरलाल गोस्वामी, प्रेम हलवाई, सुरेश प्रजापत, प्रेमसिंह, मनोज शर्मा, चंद्रप्रकाश सोनी, आमीन लीलगर, हनुमान सिंह शेखावत, प्रताप सिंह, रामवतार निमीवाल, प्रदीप कुमार वार्ड पंच, लिछू प्रजापत, मनीराम व गोविंद भाटी सहित आदि मौजूद रहे।


**खोया-पाया**

ग्राम पंचायत भोजूसर उपाधियान द्वारा 25 नवंबर 1982 को मेरे नाम श्री हनुमान पुत्र श्री शैतान शर्मा के नाम जारी घर का पट्टा कहीं गुम हो गया है। जिस किसी को भी मिले फहुंचाने का कष्ट करें।

**हनुमान प्रसाद पुत्र शैतानराम, मु. पो. भोजूसर उपाधियान, (सरदारशहर)**


## वोटिंग मशीन की जानकारी दी

**रतनगढ़,** (निसं)। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को संचियालाल बैद स्कूल में स्वीप कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन व वीवीपेट मशीन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का अभ्यास कराया गया।

स्वीप प्रभारी राकेश जाट ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से कराये गए इस अभ्यास से आगामी विधानसभा सभा चुनावों में मतदाता आसानी से मतदान कर सकेगा। कार्यक्रम में बीएलओ पर्यवेक्षक मनोज सारस्वत, देवाराम ,गंगा,दिनेश शर्मा, महेंद्र सिंह, कमला देवी, मनोज शर्मा, शर्मिला,सुनीता दायमा, नंदूसिंह, दीपक शर्मा, ताराचंद आदि मौजूद थे।


**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
**व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूचि संख्याक 4**
**न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश महोदय, स्थान रतनगढ़ जिला चूरू राज.**
**मुकेश कुमार आदि प्रार्थीगण**
बनाम
**सर्व साधारण आदि अप्रार्थीगण**
**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भा.उ.अधि.**
**प्रार्थना पत्र संध्या 05 सन 2022**

उक्त प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि हड़मान की स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा रतनगढ़ में बचत खाता में जमा राशि उक्त बैंक में गार्ड के पद पर तैनात होने पर अन्य राशि एवं भूखण्ड मय मकानात प्राप्त करने हेतु भारतीय उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 08 माह 08 सन 2023 को 10.00 एएम पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे, तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता.05 माह 06 सन 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

दिनांक :-

**रीडर**
**न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, रतनगढ़ (चूरू)**


## गंदगी का गढ़ बन गया रतननगर कस्बा

**चूरू,** (कासं.)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती रतननगर कस्बे के शराकत अली ने बताया कि रतननगर कस्बा गंदगी का गढ बना हुआ है। उन्होंने बताया कि जहाँ एक ओर चूरू के जिला कलेक्टर और नगरपालिका रतननगर कस्बे को हेरिटेज सिटी का लुक देने की बात कर रहे हैं। वहीं कस्बे की सच्चाई इसके विपरीत है। कस्बे के राणी सती मन्दिर रोड़ पर गंदे पानी की निकासी न होना लोगों के जी का जंजाल बन गई है।

रतननगर का यह रास्ता स्कूल और मन्दिर को जोड़ने के साथ शमशान घाट और कब्रिस्तान को भी जोड़ता है। रास्ते में गंदगी और कीचड़ का अंबार लगा हुआ है, पूरे मोहल्ले में बदबू का माहौल बना हुआ है, गंदे पानी की वजह से नजदीकी घरों में मच्छरों की भरमार है, लोग बिमारियों के शिकार हो रहे हैं। कॉंग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के महासचिव शराकत अली रतननगर ने बताया कि जबसे रतननगर में भाजपा का बोर्ड बना है, यहाँ की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है, जगह जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं।

# नीट में सफल अफजल मोम का सम्मान किया



नीट में सफलता प्राप्त करने पर अफजल मोम का सम्मान किया गया।

**मंडावा,** (निसं)। मुफीदे आम पब्लिक स्कूल मंडावा में गुरुवार को नीट 2023 में सफलता प्राप्त करने पर अफजल मोम पुत्र रमजान मोम का सम्मान किया गया। अफजल ने 616 अंक हासिल किए है। वही एमबीबीएस में चयन होने पर संस्था सदस्यों ने अफजल मोम और पिता रमजान मोम को साफा और माला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर संस्था सचिव एडवोकेट व पालिका उपाध्यक्ष नवाब खत्री, संस्था उपाध्यक्ष अयूब भाटी, फारूक मास्टर, आमीन कारी, अब्बास खा वार्ड 2 पार्षद प्रतिनिधि, आसिफ खत्री, मुबारिक काज़ी, इकबाल हुसैन, भाटी अब्दुल्ला चौहान, सगीर धोबी, आरिफ लीलगर, जाकिर रंगरेज, सलीम मोम, इकबाल सय्यद, अब्दुल रहमान सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डॉ. सुमन कुलहरि का अभिनंदन किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के नवलगढ़ कस्बे में स्थित अंबेडकर पार्क में भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष व भाजपा नेता डॉ. सुमन कुलहरि गढवाल का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। डॉ. कुलहरि के अभिनंदन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया। इनमें एससी-एसटी समाज के लोगों की संख्या अधिक थी। जिन्होंने खुले मंच से आने वाले विधानसभा चुनावों में डॉ. कुलहरि को अपना वोट और समर्थन, दोनों देने की बात कही। इस मौके पर डॉ. कुलहरि ने कहा कि वे क्षेत्र के हर व्यक्ति के सुख-दुख में साथ खडी रहेगी। साथ ही विकास की जो गति धीमी पडी हुई है। उसे आगे बढाया जाएगा। इस मौके पर युवा नेता धर्मेंद्र गढ़वाल, नरेश बागडी, मनोज सबल, अजय तनगरिया, अनिल सबल, अजय मार्शल, सचिन जागृत, मुस्तफा रंगरेज, रवि सबल, बिट्टू, महिपाल, सरोज देवी, मुन्नी देवी, गुलाबी देवी, अजय जागृत, शिवकुमार जागृत, मदनलाल, सुंदरलाल, मुखराम, राकेश सैनी, ईश्वरराम आदि मौजूद थे।

# केन्द्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन 17 को

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर के तत्वावधान में पिलानी रोड राजगढ स्थित अन्तर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में चल रहे 21 दिवसीय 53वें केन्द्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह 17 जून शनिवार को शाम 5.15 बजे होगा। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के मुख्य खेल अधिकारी एवं मुख्य शिविर निदेशक द्रोणाचार्यी अवार्डी वीरेन्द्र पूनिया ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला क्रीडा परिषद सिद्धार्थ सिहाग होंगें। अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा करेंगें।

कार्यक्रम में पुलिस उप अधीक्षक इस्लाम खान, उपखण्ड अधिकारी रणजीत कुमार बिजारणिया व सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियाज मोहम्मद बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगें। शिविर निदेशक सबल प्रताप सिंह व सहायक शिविर निदेशक प्रकाश राम ने जानकारी देते हुए बताया कि राजगढ में पहली बार आयोजित केन्द्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में

■ **सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों को किया जायेगा सम्मानित**

प्रचलित कबड्डी, खो-खो, वालीबॉल, जूडो, कुश्ती व एथलेटिक्स खेलों में किया जा रहा है। शिविरार्थियों को भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए उनके आवास की व्यवस्था वातानुकूलित कमरों में की गई है। साथ ही शिविर में भाग लेने वाले खिलाडियों को अनुभवी दक्ष प्रशिक्षकों के द्वारा उन्नत खेल तकनीक की जानकारी देते हुए प्रशिक्षित करने का काम किया जा रहा है। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की अध्यक्ष एवं सादुलपुर विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया की ओर से क्षेत्रवासियों को खेलों से जोडने की पहल के चलते अन्तर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम राजगढ में विकसित किए गए खेल मैदान, खेल अकादमियों एवं मल्टीपरपज हॉल के साथ-साथ अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किए गए सिन्थेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण करवाये जाने की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।


**कैरियर पी.जी. महाविद्यालय, चूरू बिसाऊ रोड, चूरू**

**आवश्यकता**

**सहायक आचार्य-** 1. स्नातक स्तर (विज्ञान संकाय) सभी विषय
स्नातक स्तर (कला संकाय) सभी विषय
2. स्नातकोत्तर (कला संकाय) - भूगोल, गृह विज्ञान, चित्रकला
स्नातकोत्तर (विज्ञान संकाय) रसायन विज्ञान, प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, भौतिक शास्त्र, गणित

**योग्यता एवं वेतन :- यू.जी.सी. एवं राज्य सरकार के नियमानुसार**

**सम्पर्क सूत्र:- 8094333444, 9414350990, 8058529766**



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ (राज.)**
Fax:-01537-250043, Email.nprawatsar1977@gmail.com, phone no-01537-250043
क्रमांक :- एफ.3/विविध/न.पा.रा/2023/1395-1397 दिनांक :- 15.06.2023

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्रीमती लक्ष्मी कंवर पत्नी श्री भीम सिंह जाति राजपूत साकिन वार्ड नं. 01, चक 12 केडब्ल्यूडी तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज.) द्वारा वार्ड नं. 14 में पट्टेशुदा लीजडीड (किरायानामा) आवासीय भूखण्ड साईज 1843.74 वर्गफुट याकिन 169.30 वर्गमीटर में रेस्टारेन्ट/बेकरी/ मिठाई आदि में कार्य संचालित करना चाहता/चाहती है, जिसमें किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालय समय में स्वयं उपस्थित होकर आपत्ति प्रकाशन से 7 दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने मियाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए कनेक्शन हेतु निरापती प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। सूचित रहे।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, रावतसर**


# तूफान को लेकर अजमेर डिस्कॉम हाई अलर्ट

**झुंझुनूं,** (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम ने चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के प्रभाव के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए हाई अलर्ट घोषित किया है। डिस्कॉम ने अस्पतालों जैसी महत्वपूर्ण जगहों पर आपूर्ति को हर हाल में चालू रखने के लिए सभी इंजीनियर्स को विशेष निर्देश जारी किए हैं।

■ **अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश**

बिपरजॉय चक्रवात के दौरान डिस्कॉम के अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्यालय नहीं छोड सकेंगे। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एनएस निर्वाण ने 'बिपरजॉय चक्रवात' को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों एवं अन्य आवश्यक जगहों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए अगर आवश्यक हो तो वहा डिस्कॉम का टेक्निकल स्टाफ भी नियुक्त किया जाए। अजमेर डिस्कॉम क्षेत्र के सभी 11 जिले भी इस चक्रवात के प्रभाव क्षेत्र में आते है। चक्रवात के खतरे को देखते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अलर्ट मोड पर रहेंगे। साथ ही टेक्निकल टीम के साथ आवश्यक मटेरियल की भी पहले से प्रबंध करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने निर्देश दिए कि एफआरटी टीम अलर्ट पर रहे तथा समयबद्व उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण करे। निर्वाण ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि अगर चक्रवात के कारण विद्युत सप्लाई में कुछ विलंब हो जाए तो वे डिस्कॉम कर्मचारियों को अपना सहयोग देवें।

एसई अशोक चौधरी ने बताया कि टोल फ्री नंबर 18001806565 या 1912 (24 घंटे), व्हाट्सएप नंबर- 9414000783, ट्रांसफॉर्मर संबंधी समस्या- 9414046708, झुंझुनूं सर्किल - 01592-232790, 7014078468 के अलावा मोबाइल सारथी एप व अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से भी समस्याएं बताई जा सकती है।

## प्रशिक्षु आर.पी.एस. कृष्णराज कोवताली थाना प्रभारी होंगे

**झुंझुनूं,** (निसं)। 2022 बैच के आरपीएस और वर्तमान में झुंझुनूं में प्रशिक्षु आरपीएस के तौर पर सेवारत कृष्णराज जांगिड को झुंझुनूं शहर



कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है। एसपी श्याम सिंह ने इस संदर्भ में आदेश जारी किए है। जिसके तहत कृष्णराज जांगिड के पास ही फिलहाल झुंझुनूं शहर कोतवाली का स्वतंत्र चार्ज रहेगा। आपको बता दें कि आरपीएस के फिल्ड ट्रेनिंग कार्यकाल के दौरान आरपीएस अधिकारी को एक शहरी और एक ठामीण क्षेत्र के थाने का स्वतंत्र चार्ज दिया जाता है। जिसके तहत प्रशिक्षु आरपीएस कृष्णराज जांगिड को झुंझुनूं शहर कोतवाली का चार्ज दिया गया है। आपको यहां यह भी बता दें कि हाल ही में प्रशिक्षु आरपीएस कृष्णराज जांगिड के नेतृत्व में झुंझुनूं शहर में स्मेक तस्करों पर भी कार्रवाई की गई है। वहीं इससे पहले शराब तस्करों के अलावा अन्य कार्रवाई भी की गई है। कृष्णराज जांगिड अपनी दबंग छवि के लिए पहचाने और जाने जाते है।

# विगत नौ वर्षों में मोदी सरकार और सांसद कस्वां के विकास कार्य बेमिसाल: नागर

**सादुलपुर,** (निसं)। केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे महा संपर्क अभियान के तहत्त बुधवार शाम को 'विकास तीर्थ' कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश से राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र सिंह नागर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी.आर. चौधरी, चूरू सांसद राहुल कस्वां ने सादुलपुर में विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-52 व 7०9ई एवं अमृत भारत योजना में शामिल सादुलपुर रेलवे स्टेशन पर विकास कार्यो का निरीक्षण किया गया। राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर ने कहा कि विगत 9 वर्षों में देश की तस्वीर बदलने का कार्य पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। आज बडे-बडे प्रौजेक्ट तय समय सीमा में पूर्ण हो रहे हैं। केन्द्र सरकार सबका साथ सबका विकास मंत्र के साथ विकास के नये-नये कार्यो को आगे बढा रही है। यहां के सांसद राहुल कस्वां ने सरकार की योजनाओं का बेहतरीन फायदा जनता तक पहुँचाया है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी.आर. चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र सरकार विकास के नये आयाम छू रही है। सडक, रेलवे और अन्य सभी सेक्टर्स में जबरदस्त काम हो रहा है। यहाँ चूरू में भी सांसद राहुल कस्वां की सक्रियता लाजवाब है, जिसका फायदा चूरू की जनता को लगातार मिल रहा है। सांसद राहुल कस्वां ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो और आगामी सभी प्रौजेक्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन्फ्रा पर विशेष फोकस कर हम आगे बढ रहे हैं। समय से पहले ही एन.एच.-52 को फोरलेन करवा रहे हैं, जिसका लाभ बडे स्तर पर मिलेगा। रेलवे के क्षेत्र में जिला आज देश के हर कोने में सीधी कनेक्टिविटी रखता है। इसके अलावा शिक्षा, खेल, सडक जैसी बुनियादी आवश्यताओं पर भी हमने बहुत काम किया है और आगे भी करेंगे। इस अवसर पर डॉ कुलदीप पूनियां, उपप्रधान प्रतिनिधि रामफल लम्बोरिया, सरपंच महेन्द्र पूनियां सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सादुलपुर में विकास कार्यो का निरीक्षण करते उत्तरप्रदेश से राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र सिंह नागर एवं चूरू सांसद राहुल कस्वां।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ (राज.)**
Fax:-01537-250043, Email.nagarpalikarawatsar@gmail.com, phone no-01537-250043
क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि/2023/1399-1401 दिनांक :- 15.06.2023

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री परमहंस पुत्र श्री कासीराम जाति जाट साकिन पिचकराई ताल तह. सरदारशहर जिला चूरू ने प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर अपने व्यवसायिक भूखण्ड सैक्टर जनरल मार्केट भूखण्ड सं. 163 साईज 15X30 फुट यानी 450 वर्गफुट यानी 41.82 वर्गमीटर का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। मूल पट्टा/लीजडीड श्रीमान अतिरिक्त कलेक्टर एवं सचिव मण्डी विकास समिति हनुमानगढ़ द्वारा 27.03.1991 द्वारा श्री वेदप्रकाश पुत्र श्री थानूराम जाति अग्रवाल निवासी रावतसर के नाम से साईज 15X30 फुट की जारीशुदा है। श्री वेदप्रकाश ने जरिये अपंजीकृत ईकरारनामा दिनांक 23.11.1975 द्वारा उक्त भूखण्ड श्री शिवभगवान पुत्र श्री रूघलाल जाति सरावगी को बैचान कर दिया। श्री शिवभगवान ने उक्त भूखण्ड जरिये ईकरारनामा दिनांक 08.07.1976 द्वारा श्री कासीराम पुत्र श्री दुलाराम जाति जाट साकिन रावतसर को बैचान कर दिया। श्री कासीराम की मृत्यु दिनांक 22.05.2020 को हो चुकी है। श्री कासीराम ने अपने जीवनकाल में ही उक्त भूखण्ड अपने पुत्र श्री परमहंस सींवर के नाम जरिये ईकरारनामा दिनांक 06.05.2020 द्वारा कर दिया जो श्रीमान कलेक्टर मुद्रांक, हनुमानगढ़ के प्रकरण संख्या 318/2022 नर्णय दिनांक 12.07.2022 पर पंजीकृत है। अतः अपने पंजीकृत ईकरारनामा से प्राप्त भूखण्ड का प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उक्त व्यवसायिक भूखण्ड का नामान्तरण करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**(पवन कुमार चौधरी)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, रावतसर**


# भाजपा की ओर से सादुलपुर में प्रबुद्धजन एवं व्यापारी सम्मेलन का आयोजन

**सादुलपुर,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सांसद आवास पर 'प्रबुद्धजन एवं व्यापारी सम्मेलन' का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के प्रमुख व्यापारी और प्रबुद्धजनों की बडी संख्या में उपस्थिति रही। उत्तरप्रदेश से राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश शक्तिशाली रूप में आगे बढ रहा है।

भारत आज दुनियां की ताकतवर अर्थव्यवस्थाओं वाला देश है, जहां प्रगति की अपार संभावनाये हैं। मोदी के कुशल नेतृत्व में हम जल्द विकसित भारत का सपना साकार करेंगे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी.आर. चौधरी ने केन्द्र सरकार की 9 साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि आज मोदी सरकार ने देश को नई दिशा और ऊंचाईयां दी हैं। अर्थव्यवस्था की उन्नति से लेकर हर वर्ग तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पहुँच से देश पूरी ताकत से आगे बढ रहा है। आगामी कुछ वर्षो में विकसित भारत का सपना साकार होगा। चूरू सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि समाज का हर तबका और हर व्यक्ति आगे बढे, इसके लिये मोदी के नेतृत्व में सरकार नई-नई योजनायें पूरे रोडमैप के साथ लेकर आ रही है। ऊंचाईयों को छूती अर्थव्यवस्था, जीएसटी का सफल क्रियान्वयन, रिकॉर्ड ऑनलाईन ट्रांजेक्शन आदि सफलता की कहानी कह रहे हैं। उन्होंने उपस्थित प्रबुद्धजन एवं व्यापारियों से कहा कि आप सभी की उपस्थिति और आपके द्वारा दिए गये सझाव केन्द्र सरकार तक पहुँचाये जायेंगे। इससे पूर्व सभी नेताओं ने व्यापारियों और प्रबुद्धजनों से परिचय लेकर उपयोगी सुझाव भी लिये ताकि सभी प्रकार के सुझाव व समस्याओं को सरकार तक पहुँचाकर समाधान करवाया जा सके। पूर्व सांसद रामसिंह कस्वां, पूर्व विधायक कमला कस्वां, उप प्रधान प्रतिनिधि रामफल लम्बोरिया, कुलदीप पूनियां, सरपंच महेन्द्र पूनियां ने सम्मेलन में पधारे प्रबुद्धजन एवं व्यापारियों का स्वागत किया। सम्मेलन में व्यापारियों में प्रमुख रूप से अंकुश फतेहपुरिया, संदीप अग्रवाल, सुरेन्द्र कुमार फतेहपुरिया, विमल मोहता, रमाकान्त शर्मा, पवन कुमार मोदी, कैलाश लुहारीवाला, जुगल कंदोई, अजित मरोदिया, रिंकु चंगोईवाला, सुनील सरावगी, राजकुमार बैरासरिया, सुनील अग्रवाल, अशोक सोनी, राजेश बैरासरिया, अनिल बंसल, अजय शर्मा, पुनित भारद्वाज, संजय मांजू सहित एडवोकेट मनोज पचार, एडवोकेट जितेन्द्र सहारण, एड. कपिल शर्मा, एड. मुकेश आर्य, एड. शिवकुमार सिहाग, एड. पुरूषोतम सैनी, डॉ. हरिराम रोहिला, डॉ. रामवतार सोनी, डॉ. विनोद अग्रवाल, डॉ. सत्यनारायण शांडिल्य, डॉ. हिमांशु बेडवाल, डॉ. राईका, सीए पीनाक मोहता, सीए विक्की वर्मा, शिक्षाविद् जयवीर नेहरा, सेवानिवृत स. प्रशा. अधिकारी सत्यवीर लाखलाण, शिक्षाविद् मनीराम पचार, शिक्षाविद् होशियारमल भार्गव, रिटायर्ड बैंक प्रबंधक दिनेश तिवाडी, शिक्षाविद् सतीश शर्मा, शिक्षाविद् कौशल पूनियां, शिक्षाविद् अरविन्द गौड, शिक्षाविद् डॉ. अनिल सांगवान, शिक्षाविद् मनोज बेडवाल, शिक्षाविद् प्रवीण लहरी, शिक्षाविद् रतिराम खिचड उपस्थित रहे।



सम्मेलन में प्रबुद्धजन एवं व्यापारियों को केन्द्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते सांसद राहुल कस्वा।

## 70 रुपए में बिक रहा 65 का स्टाम्प

**चूरू,** (कासं.)। जिला मुख्यालय पर स्टाम्प वेन्डर की मन मर्जी के कारण पचास रुपए का स्टाम्प जिस पर सभी प्रकार के टैक्स लगने के बाद 65 रुपए में विक्रय होना चाहिए, उक्त स्टाम्प अब 70 में कलेक्ट्रेट परिसर में विक्रय हो

■ **कुल टैक्स लगाकर 50 रुपए के स्टाम्प की 65 रुपए कीमत है**

रहा है। आश्चर्य का विषय तो यह है कि वेन्डर्स स्टाम्प का विक्रय पांच रुपए अधिक लेकर कर रहे हैं, जिस कारण से सरकारी नियमों की भी अनदेखी हो रही है। यहां किसी प्रकार की कार्यवाही भी नहीं हो रहे है। जबकि संबंधित विभाग भी कलेक्ट्रेट परिसर में ही स्थित है। औचक निरीक्षण नहीं हो रहा है, जिस कारण आम जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है। इस संबंध में जिला कोषाधिकारी रामधन से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि उक्त स्टाम्प पर कुल टैक्स लगाकर पचास रुपए के स्टाम्प की 65 रुपए कीमत है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत दाउदसर**
**कार्यालय पंचायत समिति, रतनगढ़**
क्रमांक निर्माण/आ.र.डी./ई-निविदा/2023-24/3 दिनांक 15.06.2023

**खुली निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत दाउदसर में वर्ष 2023-24 के लिये ग्रामीण विकास की अन्य योजनाओं के लिये सामग्री क्रय की जानी है। सामग्री विक्रय हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जी.एस.टी.) आयकर (पैन नंबर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनर शिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1950 के अन्तर्गत पंजीकृत है, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| S. NO | NIB NO | UBN NO | निविदि प्रपत्र विक्रय की तारीख |
|---|---|---|---|
| 1 | ZCR2324 A0198 | ZCR2324GSOB 00336 | 16.06.2023 |

निविदा से संबंधित ग्राम पंचायत वार अनुमानित लागत, अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**(पवन कुमार)** **(विद्या देवी)**
**ग्राम विकास अधिकारी** **सरपंच**
**ग्राम पंचायत दाउदसर** **ग्राम पंचायत दाउदसर**